26.4 बीमाकृत व्यक्तियों के सम्बन्ध में घर जाकर इलाज करने की कुल संख्या 1976-77 की तुलना में लगभग 2.78 प्रतिशत घट गई है । परिवारों के सम्बन्ध में भी लगभग 35 प्रतिशत की कमी हुई है । प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्तियों विजिटों की संख्या के अनुसार घर जाकर इलाज करने की घटनाओं में कमी हुई है । ये घटनाएं 1976-77 में 55 थीं जो 1977-78 में घटकर 52 रह गई हैं ।

26.5 अस्पतालों मे दाखिल किए गए मामलों की कुल संख्या में वृद्धि हुई है । ये मामले 1976-77 में 2,24,821 थे जो 1977-78 में बढ़कर 3,94,340 हो गए हैं । विशेषज्ञों के पास जांच के लिए भेजे गए मामलों की संख्या में कमी हुई है । ये मामले 1976-77 में 14,30,731 थे जो 1977-78 में घटकर 13,31,137 रह गए ।

27. बीमारी प्रति रूप (परिशिष्ट-14)

27.1 दिखलाए गए प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति नए मामलों की संख्या के रूप में व्यक्त की गई सम्पूर्ण देश के लिए बीमारी प्रतिरूप की सूचना 51 कारण समूहों में से प्रत्येक की बाबत बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के लिए अलग अलग इस परिशिष्ट में दिखाई गई है ।

27.2 सभी कारण समूहों को मिलाकर घटना दरें 1976-77 की तुलना में 1977-78 में बीमाकृत व्यक्तियों के सम्बन्ध में कम हैं तथा उनके परिवारों की संख्या भी कम है । बीमाकृत व्यक्ति से सम्बन्धित प्रत्येक अवधि में बीमाकृत व्यक्ति के परिवार के सदस्यों के सम्बन्ध में इस वर्ष 1.093 नई अवधियां रही हैं जबकि 1976-77 वर्ष में ये 0.960 थीं । यदि यह बात ध्यान में रखी जाए कि एक बीमाकृत व्यक्ति की तुलना में 2.88 परिवार सदस्य हैं तो नए मामलों की घटनाओं के अनुसार अस्वस्थता की घटनाएं बीमाकृत व्यक्तियों की तुलना में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों के सम्बन्ध में पहले की तरह कम रही हैं ।

27.3 बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध में बीमारी के कारण समूहवार घटना सूची में दी गई लगभग सभी बीमारियों के लिए बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों से सम्बन्धित तदनुरूपी दरों से काफी कुछ मिलती हैं । लेकिन कुछ कारण समूहों में घटना में बहुत अन्तर से यह पता चलता है कि कुछ ऐसे विशिष्ट रोगों में अधिक इलाज की आवश्यकता होती है जो किसी विशेष समूह (यानी बीमाकृत व्यक्ति या परिवार) की अपेक्षाकृत आसानी से हो जाते हैं ।

चिकित्सा हितलाभ से संबंधित अन्य मामले

28. चिकित्सा निर्देशी

वर्ष के अन्त में अलग-अलग राज्यों में तैनात पूर्ण-कालिक और अंश-कालिक चिकित्सा निर्देशियों और उनके द्वारा निपटाए गए मामलों की संख्या का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है ।

क्र०सं०	राज्य का नाम	चिकित्सा निर्देशियों की संख्या		1977-78 वर्ष में निपटाए गए मामलों की संख्या
		अंश कालिक	पूर्ण-कालिक	
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश	9	—	11802
2.	असम	5	—	743
3.	बिहार	11	—	7863
4.	चंडीगढ़ प्रशासन	1	—	51
5.	दिल्ली	—	2	11710
6.	गोवा	—	—	उपलब्ध नहीं
7.	गुजरात	12	3	42337
8.	हरियाणा	11	—	2287
9.	कर्नाटक	15	—	17322
10.	केरल	—	2	10304
11.	मध्य प्रदेश	12	—	18352
12.	महाराष्ट्र			
	(क) ग्रेटर बम्बई	4	4	उपलब्ध नहीं
	(ख) नागपुर क्षेत्र	8	—	उपलब्ध नहीं
	(ग) पश्चिमी महाराष्ट्र	3	—	उपलब्ध नहीं
13.	उड़ीसा	8	—	2045
14.	पांडिचेरी	1	—	165
15.	पंजाब	11	—	1955
16.	राजस्थान	12	—	5291
17.	तमिलनाडु	3	2	9635
18.	उत्तर प्रदेश	26	1	उपलब्ध नहीं
19.	पश्चिमी बंगाल	7	7	35250
	जोड़	159	21	177112

29. चिकित्सा हितलाभ की व्यवस्था पर खर्च राज्य-सरकारों को प्राधिकृत अदायगियां

समीक्षाधीन वर्ष में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत चिकित्सा हितलाभ की व्यवस्था पर खर्च के अपने शेयर के रूप में राज्य-सरकारों को अदायगी करने के लिए 46,64,850.18 रुपये की धनराशि प्राधिकृत की गई । उपर्युक्त राशि के ब्यौरे इस प्रकार हैं :—

	रु० पैसे
1. 1970-71 के लिए अन्तिम अदायगी	1,54,149.46
2. 1971-72 के लिए अन्तिम अदायगी	2,97,000.00
3. 1972-73 के लिए अन्तिम अदायगी	3,17,388.52
4. 1973-74 के लिए अन्तिम अदायगी	13,52,788.69
5. 1974-75 के लिए अन्तिम अदायगी	15,68,524.03
6. 1975-76 के लिए अन्तिम अदायगी	1,86,87,451.70
7. 1976-77 के लिए अन्तिम अदायगी	1,23,41,344.77
8. 1976-77 के लिए "लेखागत" अदायगी	2,17,64,000.00
9. 1977-78 के लिए "लेखागत" अदायगी	38,81,82,203.00
जोड़	44,46,64,850.18

30. चिकित्सा देख-रेख के खर्च पर नियंत्रण के उपाय

समीक्षाधीन वर्ष में निगम ने 545 दवाइयों, इन्जेक्शनों तथा औषधियों के लिए औषध निर्माताओं के साथ दर-ठेके किए । दर-ठेके राज्य-सरकारों को अमल में लाने के लिए सूचित कर दिए गए हैं ।

30क. दिल्ली में आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली में सुविधाओं की व्यवस्था

दिल्ली में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत उपचार की आयुर्वेदिक प्रणाली की व्यवस्था के संबंध में निगम की 25-10-77 को हुई बैठक में हुए विचार-विमर्श के अनुसरण में वर्ष के दौरान दिल्ली में दो औषधालयों में आयुर्वेदिक प्रणाली में सुविधाओं की व्यवस्था करने और आयुर्वेदिक चिकित्सक तथा अन्य कर्मचारियों के आवश्यक पदों के सृजन के लिए मंजूरी प्रदान की गई ।

बीमाकृत व्यक्तियों को दी गई सेवाओं में सुधार

31. स्थानीय कार्यालयों के कार्यचालन में कार्य कुशलता

समीक्षाधीन वर्ष में देश भर में 300 स्थानीय कार्यालयों (ग्रेड-1 तथा ग्रेड-2) में से 237 स्थानीय कार्यालयों में खाता प्रणाली कार्य कर रही थी । 46 स्थानीय कार्यालयों में टैलर प्रणाली प्रयोग के तौर पर काम कर रही थी ।

32. नकद हितलाभों में सुधार

32.1 कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने अपनी 25-10-77 को हुई बैठक में विनियम 76 ख (1) में संशोधन का संकल्प स्वीकार किया ताकि जिन बीमाकृत व्यक्तियों का स्थायी अपंगता हितलाभ अन्तिम रूप से निर्धारित कर लिया गया है तथा जिन्हें 1.50 रु० से अधिक न होने वाली दर से स्थायी अपंगता हितलाभ प्रदान किया गया है, वे स्थायी अपंगता हितलाभ की आवधिक अदायगी के एक मुश्त रूपान्तरण के लिए आवेदन कर सकें । रूपान्तरण-योग्य दर में 1.00 रु० से 1.50 रुपये की वृद्धि 17-12-77 से लागू हुई ।

32.2 कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने 25-10-77 को हुई अपनी बैठक में संकल्प किया कि जिन मामलों में बीमाकृत व्यक्ति को स्थायी अपंगता या मृत्यु 31-3-75 को या इससे पहले हुई हो उनमें ऐसी स्थायी अपंगता या मृत्यु के संबंध में अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत स्वीकृत स्थायी अपंगता हितलाभ तथा आश्रितजन हितलाभ की आवधिक अदायगियों की राशि निम्नलिखित सीमा तक बढ़ा दी जाएगी :

(क) ऐसे मामलों में जहां स्थायी अपंगता या मृत्यु 31-3-74 को या इससे पहले हुई हो।	राशि का 20 प्रतिशत जिसे अगले 5 पैसे के गुणांक में पूर्णांकित किया जाएगा।
(ख) ऐसे मामले जहां स्थायी अपंगता या मृत्यु 1-4-74 तथा 31-3-75 के बीच हुई।	राशि का 10 प्रतिशत जिसे अगले 5 पैसे के गुणांक में पूर्णांकित किया जाएगा।

32.3 कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने अपनी 23-2-77 को हुई बैठक में कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 49 के अन्तर्गत किसी बीमाकृत व्यक्ति को देय बीमारी हितलाभ की अवधि को दिनांक 1 मई, 1977 से इन्हीं दो लगातार लाभावधियों में 56 दिन से बढ़ाकर 91 दिन करने का निर्णय किया।

33. अन्य सुधार

33.1 कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने 25-2-78 को हुई अपनी बैठक में एकांगघात से पीड़ित व्यक्तियों के लिए 1-4-76 से विस्तारित बीमारी हितलाभ का विस्तार करने का संकल्प किया है।

नकद हितलाभ (परिशिष्ट 16 से 18)

34. नकद हितलाभ अदायगियों की संख्या (परिशिष्ट 16 का कालम 4)

34.1 नकद हितलाभों की अदायगी निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए गए स्थानीय/ लघु/उप स्थानीय/भ्रमणशील कार्यालयों में की जाती है। 31 मार्च, 1978 को इस प्रकार के कार्यालयों की संख्या लगभग 686 थी जबकि एक वर्ष पहले इनकी संख्या 682 थी।

34.2 1976-77 तथा 1977-78 वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य में की गई नकद हितलाभ अदायगियों की कुल संख्या कालम 4 में दिखाई गई है। 1977-78 वर्ष के दौरान कुल मिलाकर लगभग 71.83 लाख अदायगियां (स्थायी अपंगता दावों के रूपान्तरण के आवेदनों से सम्बन्धित एक मुश्त अदायगियों के 8,701 दावों सहित) की गई। ये अदायगियां पिछले वर्ष की अदायगियों से लगभग 14.07 लाख अधिक थी। औसत के रूप में प्रत्येक मास लगभग 5.9 लाख अदायगियां की गई जबकि 1976-77 वर्ष में 4.81 लाख अदायगियां की गई थीं। प्रति कर्मचारी अदायगियों की संख्या 1976-77 वर्ष में 1.17 थी जो 1977-78 वर्ष में बढ़कर 1.33 हो गई है।

35. बीमारी हितलाभ (परिशिष्ट 16 के कालम 3 तथा 6 से 8)

35.1 1 जुलाई 1976 तथा 30 जून, 1977 के बीच नए केन्द्रों में तथा रोजगार के नए क्षेत्रों पर हितलाभ उपबंधों के कार्यान्वयन के फलस्वरूप तथा पहले से कार्यान्वित क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि होने के कारण समीक्षाधीन वर्ष में लगभग 4.87 लाख अतिरिक्त कर्मचारी बीमारी हितलाभ के हकदार हो गये। 1977-78 वर्ष के दौरान बीमारी हितलाभ का दावा करने के हकदार कर्मचारियों की कुल संख्या 54.03 लाख होने का अनुमान है जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 49.46 लाख थी (कालम 3 देखिए)।

35.2 वर्ष के दौरान बीमारी हितलाभ के रूप में 2709.36 लाख रुपये की राशि की अदायगी की गई थी जबकि 1976-77 वर्ष में यह राशि 1885.54 लाख रुपये थी।

35.3 प्रति कर्मचारी नई अवधियों की औसत संख्या 1976-77 में 0.72 थी जो 1977-78 वर्ष में बढ़कर 0.87 हो गई है। 1977-78 के दौरान प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष हितलाभ दिनों की औसत संख्या भी 6.0 हो गई है जो 1976-77 में 5.0 थी। प्रति कर्मचारी हितलाभ की दैनिक दर की राशि 1976-77 में 7.66 रुपये थी जो 1977-78 में बढ़कर 8.31 रुपये हो गई है।

35.4 पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी बीमारी हितलाभ दावों की घटना और अवधि के संबंध में राज्यों में परस्पर काफी घटबढ़ रही। लेकिन विभिन्न केन्द्रों पर बीमारी दावों की अवधि पर महानिदेशक लगातार निगरानी रखे हुए हैं। इस सम्बन्ध में मुख्यालय में प्रत्येक मास प्राप्त आंकड़ों का आवधिक रूप से विश्लेषण किया जाता है तथा किसी केन्द्र की किसी असामान्य घटबढ़ के बारे में क्षेत्रीय निदेशकों तथा प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारियों के साथ पत्र-व्यवहार किया जाता है ताकि वे आवश्यक तथा संभव होने पर इस असामान्य घटबढ़ को दूर करने के लिए उपर्युक्त व शीघ्र कार्रवाई कर सकें।

35.5 धारा 58(2) के अन्तर्गत अत्यधिक बीमारी हितलाभ

बीमाकृत व्यक्तियों को बीमारी हितलाभ अदायगी का भार कुछ राज्यों में अखिल भारतीय औसत से अधिक पाया गया है। 1976-77 वर्ष के अत्यधिक बीमारी हितलाभ को निगम तथा राज्य सरकारों के बीच निम्न प्रकार से बांटा गया है:—

राज्य सरकार का नाम	राज्यों में दी गई कुल बीमारी हितलाभ की राशि (वास्तविक)	अखिल भारतीय औसत से अधिक में राज्य सरकार का शेयर
	रुपये	रुपये
आन्ध्र प्रदेश	79,48,289/-	2,06,738/-
बिहार	46,26,131/-	4,27,341/-
मध्य प्रदेश	1,08,45,495/-	25,87,894/-

36. विस्तारित बीमारी हितलाभ (परिशिष्ट 16 के कालम 9 और 10)

36.1 क्षय रोग, कोढ़, मानसिक तथा दुर्दम्य रोग आदि जैसे कुछ विशिष्ट रोगों से पीड़ित बीमाकृत व्यक्ति बीमारी हितलाभ के 91 दिन के बाद विस्तारित अवधि के लिए विस्तारित बीमारी नकद हितलाभ प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

36.2 1977-78 वर्ष में इस मद में बीमाकृत व्यक्तियों को 262.67 लाख रुपये की राशि अदा की गई जबकि पिछले वर्ष यह राशि 238.02 लाख रुपये थी।

36.3 प्रति 1000 जोखिम-ग्रस्त कर्मचारी दावों की संख्या और समाप्त दावों की अवधि के रूप में अभिव्यक्त विस्तारित बीमारी हितलाभ दावों की घटनाएं 1976-77 तथा 1977-78 वर्षों के लिए परिशिष्ट 16 के कालम 9 तथा 10 में दिखाई गई है।

37. प्रसूति हितलाभ (परिशिष्ट 16 के कालम 11 और 12)

37.1 प्रसूति हितलाभ के लिए पात्र महिला कर्मचारियों की संख्या 1976-77 में 3,82,550 थी जो 1977-78 में बढ़कर 4,02,750 हो गई है। प्रसूति दावों के रूप में अदा की गई कुल राशि 173.40 लाख रुपये थी जबकि 1976-77 में यह राशि 151.32 लाख रुपये थी। प्रति प्रसूति दावा नकद हितलाभ की औसत राशि 1976-77 में 701 रुपये थी जो बढ़कर 843 रुपये हो गई है।

37.2 प्रति 1000 बीमाकृत महिला कर्मचारी दावों की संख्या 1976-77 में 56.5 थी जो 1977-78 में घटकर 51.0 रह गई है।

38. अस्थायी अपंगता हितलाभ (परिशिष्ट 17 के कालम 3 से 6)

38.1 1977-78 वर्ष के दौरान रोजगार चोट से ग्रस्त कर्मचारियों की संख्या 55.22 लाख थी जबकि 1976-77 में यह संख्या 53.25 लाख थी (देखिए कालम 3)। 1977-78 वर्ष में अस्थायी अपंगता हितलाभ के रूप में अदा की गई राशि 501.35 लाख रुपये थी जबकि 1976-77 वर्ष में यह राशि 439.29 लाख रुपये थी। नई अवधियों की औसत संख्या तथा प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष हितलाभ दिनों की और औसत हितलाभ दर क्रमशः 0.07, 0.97 तथा 9.39 रुपये है जबकि 1976-77 वर्ष में तदनुरूपी आंकड़े क्रमशः 0.07, 0.91 तथा 9.02 रुपये थे (देखिए कालम 4 से 6) प्रति अवधि का औसत काल 12.80 से बढ़कर 13.28 दिन हो गया है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न राज्यों में इन दावों की घटनाओं और काल में घटबढ़ रही।

39. स्थायी अपंगता हितलाभ (परिशिष्ट 17 के कालम 7 से 10)

39.1 1977-78 वर्ष में स्वीकृत नए मामलों की संख्या 13,281 थी जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 12,669 थी। प्रति 1000 बीमाकृत कर्मचारी घटनाएं 1976-77 को 2.38 से बढ़कर 2.41 हो गई।

39.2 वर्ष के आरम्भ में निधि के दावेदारों की संख्या 38,175 थी जो वर्ष के अन्त में घटकर 37,001 रह गई (देखिए कालम 10)। हितलाभ के रूप में वास्तव में संवितरित राशि 382.55 लाख रुपये (187.40 लाख रुपये की रूपान्तरित राशि सहित) थी जबकि 1976-77 वर्ष में यह राशि 307.23 लाख रुपये (174.90 लाख रुपये की रूपान्तरित राशि सहित) थी।

39.3 वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए नए मामलों से सम्बन्धित स्थायी अपंगता हितलाभ दावों का पूंजीकृत मूल्य 520.93 लाख रुपये था जबकि 1976-77 वर्ष में यह 520.26 लाख रुपये था। वर्ष के अन्त में स्थायी अपंगता हितलाभ आरक्षित निधि 1743.15 लाख रुपये थी जबकि वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में तदनुरूपी राशि 1,851.87 लाख रुपये थी।

39.4 आवधिक अदायगियों के बदले रूपान्तरित मूल्य लेने का विकल्प करने वाले स्थायी अपंगता हितलाभ के दावेदारों की संख्या 1976-77 में 8,354 थी जो 1977-78 वर्ष में बढ़कर 8,701 हो गई है।

40. स्थायी अपंगता हितलाभ दावे (परिशिष्ट 18)

40.1 वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए स्थायी अपंगता के 13,281 मामलों का (क) उद्योग के मुख्य समूहों तथा (ख) उद्योगवार प्रदर्शित प्रति 1000 कर्मचारी दावों की घटनाओं के अनुसार विश्लेषण किया गया था। पिछले वर्ष की तरह, दुर्घटनाओं की सबसे अधिक संख्या "वस्त्र उद्योग" में पाई गई तथा इसके बाद "इंजीनियरी" और "धात्विक खनिज" का स्थान रहा। व्यय-भार "वस्त्र उद्योग" तथा "धात्विक खनिज" में अधिक है। 1976-77 वर्ष के तदनुरूपी व्यय-भार की तुलना में यह देखा गया है कि इस वर्ष अनुभव किया गया व्यय-भार अधिकांश उद्योगों में पिछले वर्ष अनुभव किए गए व्यय-भार से काफी कुछ मिलता जुलता है।

40.2 स्थायी अपंगता की औसत डिग्री 8.85 प्रतिशत अनुभव की गई जबकि पिछले वर्ष यह 9.26 प्रतिशत थी। अधिकतम दुर्घटनाएं आठवें मजदूरी ग्रुप, यानी 16 रुपये और 24 रुपये के बीच दैनिक मजदूरी ग्रुप में हुई।

40.3 महिला कर्मचारियों में स्थायी अपंगता हितलाभ के मामलों की संख्या केवल 181 रही। इन घटनाओं के कम होने का कारण संभवतः यह है कि महिलाओं को आमतौर पर जोखिम वाले व्यवसायों, कार्यों आदि पर नहीं लगाया जाता है।

41. आश्रितजन हितलाभ (परिशिष्ट 17 के कालम 11 और 12)

41.1 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आश्रितजन हितलाभ के लिए स्वीकार किए गए दावों की संख्या में कमी हुई। 1976-77 वर्ष में 469 दावे स्वीकार किए गए थे जबकि इस वर्ष यह संख्या 413 रह गई (देखिए कालम 11)। वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए आश्रितों की कुल संख्या 1164 थी।

41.2 वर्ष के आरम्भ और अन्त में सभी आश्रितों का श्रेणीवार विवरण इस प्रकार है :—

विवरण	31 मार्च को	
	1977	1978
विधवाएं	4,401	4,697
पुत्र और पुत्रियां	7,279	7,762
पिता	639	694
माता	861	929
अन्य आश्रित बच्चे	601	650
जोड़	13,781	14,732

41.3 आश्रितजन हितलाभ के रूप में अदा की गई राशि 1976-77 में 65.43 लाख रुपये थी जो 1977-78 में बढ़कर 77.41 लाख रुपये हो गई है। वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए आश्रितजन हितलाभ दावों का पूंजीगत मूल्य 1,26,25 लाख रुपये था जबकि 1976-77 वर्ष में यह 147.11 लाख रुपये था। 31 मार्च, 1978 को आश्रितजन हितलाभ आरक्षित निधि 957.87 लाख रुपये थी जबकि 31 मार्च, 1977 को यह राशि 826.78 लाख रुपये थी।

42. अंशदानों से आय

1977-78 वर्ष के दौरान कुल 1,31,92.66 रुपये की राशि एकत्र की गई।

43. अंशदान एकत्र करने का तरीका

सामान्यतः अंशदान चिपकाने वाली कर्मचारी राज्य बीमा टिकटों के रूप में एकत्र किये जाते हैं। ये टिकटें निगम के बैंकरों की मार्फ़त बेची जाती हैं। अंशदान फ्रैंकों के द्वारा भी प्राप्त किये जाते हैं। समीक्षाधीन वर्ष में 127 नये लाइसेंस दिये गये तथा 4 लाइसेंस रद्द किये गये जिससे इस्तेमाल में आने वाली फ्रैंकिंग मशीनों की संख्या 954 हो गई इन दो तरीकों के अलावा दिनांक 30-11-75 से दिल्ली क्षेत्र में अंशदान टिकटों के स्थान पर अंशदानों की नकद अदायगी की प्रणाली भी प्रयोगात्मक आधार पर शुरू की गई थी। इस प्रणाली को संतोषजनक पाया गया है। यह प्रणाली 1-10-78 से कर्नाटक तथा राजस्थान क्षेत्रों में लागू की गई है।

44. निरीक्षण

समीक्षाधीन वर्ष में मुख्यालय ने निरीक्षण की प्रगति पर कड़ी निगरानी जारी रखी। निरीक्षकों ने नियोजकों तथा उनके कर्मचारियों को रिकार्ड रखने और कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम तथा उसके अन्तर्गत बनाये गये विनियमों के विभिन्न उपबन्धों का पालन करने में मार्गदर्शन करना तथा प्रशिक्षण देना जारी रखा।

वर्ष के अन्त में कुल मिलाकर 332 बीमा निरीक्षक (279+53 छुट्टी रिजर्व) थे। वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 35,600 निरीक्षण किये गये।

45. कर्मचारी बीमा न्यायालय

1977-78 वर्ष में निम्नलिखित राज्यों में नये कर्मचारी बीमा न्यायालय स्थापित किये गये :—

राज्य	स्थान
उड़ीसा	ढेकानाल
हरियाणा	भिवानी

46. कानूनी कार्रवाई

वर्ष के दौरान दायर किये गये न्यायालय/राजस्व वसूली मामलों में सम्बन्धित राशि तथा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अधीन वसूली की गई राशि परिशिष्ट 19 में राज्य-वार दिखाई गई है।

बजट तथा वित्त

47. वित्तीय तथा लेखा व्यवस्थाएं

47.1 1978-79 वर्ष के लिए बजट प्राक्कलन निगम द्वारा 24 फरवरी, 1978 को हुई अपनी बैठक में स्वीकार किये गये। इसके लिए केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन 13 मार्च, 1978 को जारी किया गया बजट प्राक्कलन राज्य सभा तथा लोक सभा के पटल पर क्रमशः दिनांक 22 तथा 23 मार्च, 1978 को प्रस्तुत किए गए।

47.2 महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 1975-76 वर्ष के लेखों की समेकित लेखा परीक्षा रिपोर्ट 13-6-77 को केन्द्रीय सरकार को भेजी थी, तथा यह रिपोर्ट कर्मचारी राज्य बीमा निगम के मुख्यालय में श्रम मंत्रालय की मार्फत 25-6-77 को प्राप्त हुई थी। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 1975-76 वर्ष के लेखा परीक्षित लेखे स्थायी समिति की 24-10-77 को हुई बैठक में इसके विचारार्थ प्रस्तुत किये गये थे। स्थायी समिति ने लेखा परीक्षित लेखों पर विचार किया तथा निगम को 25-10-77 को उन्हें स्वीकार करने की सिफ़ारिश की। लेखा परीक्षित लेखे केन्द्रीय सरकार को 28-10-77 को भेज दिये गये थे। इन्हें लोक सभा तथा राज्य सभा के पटल पर क्रमशः दिनांक 17-11-77 तथा 18-11-77 को प्रस्तुत किया गया था।

दिसम्बर, 1976 में महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व ने श्रम मंत्रालय को सूचित किया कि नियन्त्रक महालेखा परीक्षक (कर्तव्य शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 के प्रवर्तन के कारण कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लेखों की लेखा परीक्षा की मौजूदा व्यवस्था को जारी रखना सम्भव नहीं है। मंत्रालय को यह भी सूचित किया गया था कि मौजूदा व्यवस्था नियन्त्रक महालेखा परीक्षक अधिनियम की धारा 20 (1) के अन्तर्गत जारी रखी जा सकती है बशर्ते कि निर्धारित रीति में उपयुक्त प्रार्थना की जाये। मामला स्थायी समिति की बैठकों में रखा गया तथा निगम ने भारत के नियन्त्रक महालेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा जारी रखने का अनुमोदन किया। श्रम मंत्रालय से 29-10-77 को प्रार्थना की गई थी कि वे कर्मचारी राज्य बीमा निगम की लेखा परीक्षा भारत के नियन्त्रक महालेखा परीक्षक द्वारा जारी रखने के मामले में वित्त मंत्रालय को लिखें। इसी बीच महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व ने निगम के 1976-77 वर्ष के लेखों की लेखा परीक्षा शुरू कर दी। 1976-77 वर्ष की समेकित लेखा परीक्षा रिपोर्ट श्रम मंत्रालय से 18-3-78 को प्राप्त हुई थी।

48. बैंक व्यवस्था

समीक्षाधीन वर्ष में निगम के कार्यालयों के लिए भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं, इसके सहायक बैंकों तथा राष्ट्रीकृत बैंकों में 23 बैंक खाते खोले गये। तीन बैंक खाते बंद किये गये। 31 मार्च, 1978 को बैंक खातों की कुल संख्या 475 थी।

भारतीय स्टेट बैंक, इसके सहायक बैंकों तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों की 16 और शाखाओं के साथ कर्मचारी राज्य बीमा अंशदान टिकटें बेचने की व्यवस्था की गई। 31 मार्च, 1978 को कुल 443 शाखाओं में अंशदान टिकटों का विक्रय किया जा रहा था।

49. निवेश

31 मार्च, 1977 को 72,83.10 लाख रुपये सामान्य रोकड़ शेष का निवेश था। भारतीय स्टेट बैंक की आवधिक जमा में 1977-78 वर्ष में किए गए 65,02.00 लाख रुपये के निवेश में से 22,30.00 लाख रुपये प्राप्त किए गए तथा 19,59.79 लाख रुपये के निवेश विभिन्न आरक्षित निधियों में अन्तरित कर दिये गये। इस प्रकार 31 मार्च, 1978 को 95,95.31 लाख रुपये सामान्य रोकड़ शेष का निवेश था।

31 मार्च, 1978 को विभिन्न आरक्षित निधियों तथा सामान्य रोकड़ शेष में कुल निवेश 2,02,73.10 लाख रुपये था जबकि 1 अप्रैल, 1977 को यह राशि 1,60,01.10 लाख रुपये थी।

निधियों के निवेश के ब्यौरे निम्न प्रकार हैं :—

	1-4-77 की स्थिति	31-3-78 की स्थिति
	(लाख रुपयों में)	
केन्द्रीय और राज्य सरकारों की प्रतिभूतियां	3,14.92	3,14.92
भारतीय स्टेट बैंक में आवधिक जमा	1,56,86.18	1,99,58.18
जोड़	1,60,01.10	2,02,73.10

50. आय व्यय लेखा तथा तुलन पत्र

31-3-1978 की स्थिति के अनुसार 1977-78 वर्ष का आय व्यय लेखा तथा तुलन-पत्र क्रमशः परिशिष्ट 20 तथा 21 में दिये गये हैं। इन लेखों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व से अभी प्राप्त नहीं हुई है।

51. प्रशासन की सापेक्ष लागत

परिशिष्ट 22 में दिये गये विवरण में 1972-73 वर्ष से लेकर प्रशासन की सापेक्ष लागत दिखाई गई है। हितलाभों की लागत, वसूल किये गये अंशदानों की राशि, बीमाकृत व्यक्तियों के साथ कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारियों के अनुपात तथा नकद हितलाभ की संख्या के आधार पर पिछले पांच वर्षों (1973-74 से 1977-78) के दौरान प्रशासन का तुलनात्मक खर्च नीचे दिया गया है :—

	1973-74	1974-75	1975-76	1976-77	1977-78
1. प्रति कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारी नकद हितलाभ अधायगियों की संख्या	रु० 701	रु० 633	रु० 635	रु० 636	रु० 770
2. प्रति कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारी वसूल किया गया अंशदान	86,154	81,944	96,872	1,42,621	1,41,355
3. कुल हितलाभों के साथ प्रशासनिक खर्च का अनुपात	11.34	14.22	13.59	12.38	10.98
4. कुल अंशदान के साथ प्रशासनिक खर्च का अनुपात	7.72	10.40	10.24	6.98	7.24
5. प्रति एक लाख बीमाकृत व्यक्तियों पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारियों का अनुपात	177	171	154	160	168

"कर्मचारी" "बीमाकृत व्यक्ति" तथा "हिताधिकारी" शब्दों की परिभाषा

(क) किसी विशेष तारीख को "कर्मचारियों" की संख्या योजना के अन्तर्गत शामिल की गई फैक्टरियों/स्थापनाओं में प्रभावी पदों की अनुमानित संख्या है। यह मोटे तौर पर उस तारीख के आस-पास फैक्टरियों/स्थापनाओं द्वारा प्रतिदिन नियोजित कर्मचारियों की औसत संख्या होगी और इसमें उस तारीख को वास्तव में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या से बहुत अधिक अन्तर नहीं होगा। तथापि यह ध्यान में रखना चाहिए कि किसी अवधि में किसी विशेष स्वीकृत पद पर वास्तव में काम करने वाले व्यक्तियों की संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि किसी नियमित कामगार के अनुपस्थिति, छुट्टी आदि के दौरान उसके स्थान पर छुट्टी रिजर्व या बदली कामगार अस्थायी तौर पर कार्य कर रहे होते हैं।

(ख) इस रिपोर्ट के प्रयोजन के लिए किसी तारीख "बीमाकृत व्यक्तियों" की संख्या का अर्थ उन व्यक्तियों की संख्या से है जो उस तारीख को चिकित्सा हितलाभ के हकदार माने गये हैं। इसके अलावा किसी दिन बीमाकृत व्यक्तियों की संख्या आमतौर पर इस तारीख को काम करने वाले "कर्मचारियों" की संख्या से अधिक हो सकती है क्योंकि अधिनियम के अन्तर्गत चिकित्सा हितलाभ की पात्रता शर्तों के अधीन किसी दिन चिकित्सा हितलाभ के हकदार व्यक्तियों में न केवल वे व्यक्ति शामिल होंगे जो उस दिन वस्तुत: नियुक्त थे बल्कि ऐसे भूतपूर्व कर्मचारी भी शामिल होंगे जो उस तारीख से पहली की अवधि के दौरान अंशदान की शर्तों के कारण उस तारीख को इस प्रकार के लाभ के हकदार होंगे।

(ग) किसी तारीख को "हिताधिकारियों" की कुल संख्या में ऐसे सभी व्यक्ति शामिल हैं जो उस तारीख को योजना के अन्तर्गत चिकित्सा हितलाभ के पात्र माने गये हैं। इनमें "बीमाकृत" व्यक्ति शामिल हैं और जहां चिकित्सा हितलाभ का विस्तार बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों पर किया गया है वहां उनके परिवारों के सदस्य भी शामिल है। बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों के सदस्यों की कुल संख्या (बीमाकृत व्यक्ति छोड़कर) प्रति "बीमाकृत व्यक्ति" के लिए औसतन 2.88 सदस्य मानकर ज्ञात की जाती है।

परिशिष्ट 1

1977-78 वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा योजना का विस्तार

भाग-क : नए क्षेत्रों में कार्यान्वयन

राज्य	केन्द्र/क्षेत्र	कार्यान्वयन की तारीख	कर्मचारियों की संख्या (अनुमानित आंकड़े)	परिवारों के लिए चिकित्सा देख-रेख	
				विस्तार की तारीख	शामिल किए गए परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एककों की संख्या
1	2	3	4	5	6
आन्ध्र प्रदेश	गुंटूर के उपांत	—	100	26-6-1977	100
	एनमामला तथा श्यामपेटगांव	13-11-1977	100	17-12-1977	100
	विशागाडिला गांव	25-12-1977	200	25-12-1977	200
असम	कलिटाकुची, मद—धरिया नं० 1,	28-8-1977	500	27-11-1977	550
	बीरकुची, बोंडा, खानापाड़ा तथा दारंघा सिलघाट	—	1100	26-2-78	1200
बिहार	डुगरकूर	—	3500	29-5-1977	3900
	झमरीतलैया	—	10500	26-6-1977	11750
	डोमचांच, बिहार शरीफ दरभंगा, रामेश्वर-नगर मोतिहारी	24-4-1977	1100	24-7-1977	1200
गुजरात	पांडेसरा-बोस्तान	—	300	29-5-1977	350
	धर्मपुर	10-7-1977	900	9-10-1977	950
	कलाली, तरसाली, संदलजी तथा वाडसार	23-10-1977	550	17-12-1977	600
हरियाणा	समालखा	1-5-1977	800	31-7-1977	900
हिमाचल प्रदेश	सोलन	5-6-1977	700	4-9-1977	850
कर्नाटक	काडुगोडी प्लांटेशन	—	550	26-6-1977	600
	बोमेनाहल्ली, पट्टनडूर अग्रहारा, हूडी, कावेरे-नहल्ली मालेपे-उडीपी-मनिपाल	29-5-1977	1300	28-8-1977	1400
केरल	जिला एरनाकुलम के नये क्षेत्र	—	1350	17-4-1977	1400
	चावरा, ठेक्कुमभागोम	—	1000	1-5-1977	1050
	जिला अलेप्पी के नए क्षेत्र	—	1800	1-5-1977	1900
	वेचूर, ताबुविला, वाडायार धलायावाजम्, वैकोम, कुल मोधमंगलम्, चेम्पू, वडक्कमुरी तथा वैलूर	—	—	14-8-1977	—

1	2	3	4	5	6
केरल	थसीपलम, व मुसीयूर	30-10-1977	250	17-12-1977	250
	मलायामोन, थालाबूर पिडाबूर, इद्टीवा, एल-माड, काडाक्कलाइराधू तथा चाडायामंगलम	11-12-1977	—	17-12-1977	—
	चित्तू, काजीजम्पारा थट्टामंगलम, काजीपट्टी याडाम्बूर तथा एलापल्ली	29-1-1978	850	29-1-1978	900
	कन्डनकुथू, चोफली कम्भाडीपारंबा, कम्भपुरम तथा मोराजा	12-2-1978	200	12-2-1978	200
	पुशापरा	12-2-1978	150	12-2-1978	150
	पैरम्बरा, पोंट्टा बाडाकुमकारा, नेल्लायी तथा परक्कड	12-3-1978	250	12-3-1978	250
मध्य प्रदेश	कटनी	26-3-1978	1300	26-3-1978	1450
राजस्थान	सबीजी गांव	22-1-1978	1100	22-1-1978	1200
	श्रीनगर गांव	29-1-1978	200	29-1-1978	200
तमिलनाडु	कोथुर	—	150	24-2-1977	150
उत्तर प्रदेश	गाजीपुर तथा मईबलनिसा	28-8-1977	—	27-11-1977	—
	वाराणसी की औद्योगिक सम्पदा	18-12-1977	1100	18-12-1977	1150

परिशिष्ट 1

भाग-ख : स्थापनाओं के नए वर्गों पर विस्तार

राज्य	केन्द्र	विस्तार की तारीख	शामिल की गई स्थापनाएं	कर्मचारियों की संख्या (अनन्तिम अनुमानित आंकड़े)	परिवारों के लिए चिकित्सा देखरेख (विस्तार की तारीख)
1	2	3	4	5	6
गुजरात	1. अहमदाबाद 2. बड़ौदा 3. सूरत	15-1-1978	विद्युत शक्ति का प्रयोग करने वाली फैक्टरियां जिनमें 10 से 19 कर्मचारी काम करते हैं । विद्युत शक्ति का प्रयोग न करने वाली फैक्टरियां जिनमें 20 या अधिक कर्मचारी काम करते हैं। होटल, रेस्तरां, और दुकानें जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं ।	30000	15-1-1978
केरल	1. पिरावम 2. मुवातुपुजहा 3. थोदुपुजहा 4. करुनागापल्ली 5. थाजकरा	1-1-1978	विद्युत शक्ति का प्रयोग करने वाली फैक्टरियां जिनमें 10 से 19 कर्मचारी काम करते हैं। विद्युत शक्ति का प्रयोग न करने वाली फैक्टरियां जिनमें 20 या अधिक कर्मचारी काम करते हैं। होटल, रेस्तरां, दुकानें, सड़क, मोटर परिवहन, संस्थापनाएं, पूर्वदर्शन थियेटर सहित सिनेमा तथा समाचार पत्र संस्थापनाएं जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं।	425	1-1-1978
मध्य प्रदेश	1. राजनन्दगांव बुरहानपुर, मंदसौर, देवास, रायगढ़, मठ इटारसी, नागदा, कुम्हारी बनमोर, नीमार, अमलई, भोपाल, जबलपुर, खंडवा, उज्जैन, सतना, रतलाम ।	1-5-1977	विद्युतशक्ति का प्रयोग करने वाली फैक्टरियां जिनमें 10 से 19 व्यक्ति काम करते हैं विद्युतशक्ति का प्रयोग न करने वाली फैक्टरियां जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं। होटल, रेस्तरां, दुकानें, पूर्वदर्शन, थियेटर सहित सिनेमा तथा समाचारपत्र संस्थापनाएं जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं।	14300	1-8-1977

1	2	3	4	5	6
	2. इन्दौर तथा ग्वालियर	1-5-1977	सड़क मोटर परिवहन संस्थापनाएं जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं।	150	1-8-1977
उड़ीसा	बरहमपुर	10-4-1977	विद्युतशक्ति का प्रयोग करने वाली फैक्टरियां जिनमें 10 से 19 व्यक्ति काम करते हैं। विद्युतशक्ति का प्रयोग न करने वाली फैक्टरियां जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं। होटल, रेस्तरां, दुकानें तथा सड़क मोटर परिवहन संस्थापनाएं जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं।	570	10-7-1977
उड़ीसा	बरहमपुर	5-3-1978	पूर्वदर्शन थियेटर सहित सिनेमा तथा समाचारपत्र संस्थापनाएं जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं।	80	5-3-1978
तमिलनाडु	1. सलीम 2. पालीपलयम को मिलाकर इरोड 3. वीराकल पदूर को मिलाकर मैसूर 4. मसूर 5. कालन्दरा को मिलाकर वनियमबाद 6. गुडियाथम 7. मैलूर 8. अरनी 9. अम्बूर 10. पुलांची 11. उदमलपेट 12. तिरुपुर (उपान्त) 13. मिलुपलायम 14. उथुकुली 15. कोयम्बटूर 16. अरासूर को मिलाकर सोमानूर 17. करमावाई 18. रानीपेट	12-2-1978	विद्युतशक्ति का प्रयोग करने वाली फैक्टरियां जिनमें 10 से 19 व्यक्ति काम करते हैं। विद्युतशक्ति का प्रयोग न करने वाली फैक्टरियां जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं। होटल, रेस्तरां, दुकानें, पूर्वदर्शन थियेटर सहित सिनेमा तथा समाचारपत्र संस्थापनाएं जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं।	16930	12-2-1978
गोआ, दमन तथा दीव संघ राज्य क्षेत्र	1. बिछोलियम 2. कोरलिम 3. मडगांव 4. ओपा-खांडेपर (पोंडा) 5. पणजी 6. वास्को-डे-गामा 7. (साम्भाजी नगर) 8. एक्सलडम	2-7-1977	विद्युतशक्ति का प्रयोग करने वाली फैक्टरियां जिनमें 10 से 19 व्यक्ति काम करते हैं। विद्युतशक्ति का प्रयोग न करने वाली फैक्टरियां जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं। होटल, रेस्तरां, दुकानें, सड़क, मोटर परिवहन, संस्थापनाएं, पूर्वदर्शन, थियेटर सहित सिनेमा तथा समाचारपत्र संस्थापनाएं जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं।	4780	2-10-1977

परिशिष्ट 2

कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल तथा अनेक्सियां

अस्पताल

क्र० सं०	राज्य	स्थान	बिस्तरों की संख्या		टिप्पणी
			सामान्य	क्षयरोग	
1	2	3	4(1)	4(2)	5
1.	आन्ध्र प्रदेश	हैदराबाद	310	—	
2.	आन्ध्र प्रदेश	सीरपुर कागजनगर	110	—	
3.	आन्ध्र प्रदेश	विशाखापट्टनम	110	—	
4.	आन्ध्र प्रदेश	अडोनी	50	—	
5.	आन्ध्र प्रदेश	वारंगल	50	—	
6.	आन्ध्र प्रदेश	विजयवाडा	100	10	1-8-77 से 14 और बिस्तरों की व्यवस्था की गई ।
7.	बिहार	मैथन	110	—	
8.	बिहार	मुंगेर	30	—	
9.	बिहार	डालमियानगर	50	—	
10.	दिल्ली	दिल्ली	389	—	
11.	गुजरात	नरोडा, अहमदाबाद	—	200	
12.	गुजरात	बापूनगर, अहमदाबाद	500	—	
13.	हरियाणा	फरीदाबाद	170	—	
14.	हरियाणा	यमुनानगर	60	—	
15.	हरियाणा	पानीपत	15	35	
16.	केरल	मूलाकुनाटाकवु	—	100	
17.	केरल	असरामम	100	—	
18.	केरल	अलैप्पी	55	—	
19.	केरल	पैरुरकाडा	50	—	
20.	केरल	त्रिचूर	60	—	
21.	केरल	उद्योगमण्डल	120	—	
22.	केरल	अरनाकुलम	50	—	
23.	केरल	वाडावठूर	50	—	
24.	केरल	पारीपल्ली	100	—	
25.	केरल	इजुकोन	150	—	
26.	कर्नाटक	राजाजीनगर, बंगलौर	380	40	
27.	कर्नाटक	हांडेली	24	—	
28.	मध्य प्रदेश	इन्दौर	150	—	
29.	मध्य प्रदेश	इन्दौर	—	75	
30.	मध्य प्रदेश	उज्जैन	50	15	
31.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	75	—	
32.	महाराष्ट्र	एम० जी० एम० बम्बई	700	—	
33.	महाराष्ट्र	बारेली	550	—	
34.	महाराष्ट्र	नागपुर	150	—	
35.	महाराष्ट्र	मुलुन्द	110	540	
36.	महाराष्ट्र	औंध	410	—	
37.	महाराष्ट्र	उल्हासनगर	200	—	
38.	महाराष्ट्र	अन्धेरी	650	—	1-5-77 से चालू.
39.	महाराष्ट्र	वाशी	650	—	15-8-77 से चालू
40.	उड़ीसा	चौदवार	50	—	
41.	उड़ीसा	कन्सबहल	50	—	
42.	उड़ीसा	बूजराजनगर	50	—	यह अनैक्सी 31-10-1977 से 25 बिस्तरों वाली अनैक्सी से अस्पताल में परिवर्तित कर दी गई ।

1	2	3	4(1)	4(2)	5
43.	पंजाब	अमृतसर	125	—	
44.	पंजाब	लुधियाना	80	—	
45.	पंजाब	जालन्धर	60	—	
46.	राजस्थान	जयपुर	139	—	26 अतिरिक्त बिस्तर निर्माणाधीन हैं।
47.	तमिलनाडु	मद्रास	625	—	
48.	तमिलनाडु	कोयम्बटूर	500	—	
49.	तमिलनाडु	मदुराई	177	25	
50.	तमिलनाडु	के० के० नगर दक्षिणी मद्रास	500	—	13-4-77 से 206 बिस्तरों के साथ चालू।
51.	उत्तर प्रदेश	कानपुर (सामान्य)	212	—	
52.	उत्तर प्रदेश	कानपुर (चेस्ट)	—	180	
53.	उत्तर प्रदेश	कानपुर (प्रसूति)	144	—	
54.	उत्तर प्रदेश	मोदीनगर	100	—	
55.	पश्चिमी बंगाल	कमरहटी	175	—	
56.	पश्चिमी बंगाल	मसूरबल्ली	—	150	
57.	पश्चिमी बंगाल	श्रीरामपोर	216	—	
58.	पश्चिमी बंगाल	उल्बेरिया	216	—	
59.	पश्चिमी बंगाल	बास्टीकुराबाकरे	416	—	
60.	पश्चिमी बंगाल	कल्याणी	266	—	
61.	पश्चिमी बंगाल	श्यालदाह	250	—	
62.	पश्चिमी बंगाल	मोरहाटी	216	—	
63.	पश्चिमी बंगाल	बज-बज	300	—	
		जोड़	11755 +	1370	= 13125

डिस्पेंसरियां

क० सं०	राज्य	स्थान	बिस्तरों की संख्या		टिप्पणी
			सामान्य	क्षय रोग	
1	2	3	4(1)	4(2)	5
1.	आन्ध्र प्रदेश	इरूपतुमा	—	24	
2.	बिहार	हटकी	—	20	
3.	हरियाणा	फरीदाबाद	—	12	
4.	हरियाणा	धर्मपुर	—	12	
5.	कर्नाटक	बंगलौर	—	32	
6.	केरल	पुलायनारकोटा	—	24	
7.	महाराष्ट्र	नागपुर	—	25	
8.	उड़ीसा	चौदवार	—	12	
9.	पंजाब	अमृतसर	—	12	
10.	राजस्थान	जयपुर	—	15	
11.	राजस्थान	बारी उदयपुर	—	16	
12.	राजस्थान	पाली	12	—	
13.	राजस्थान	भीलवाड़ा	12	—	
14.	राजस्थान	जोधपुर	20	—	
15.	राजस्थान	श्री गंगानगर	12	—	
16.	राजस्थान	कोटा	24	—	
17.	राजस्थान	उदयपुर	12	—	
18.	राजस्थान	भरतपुर	24	—	(12 निर्माणाधीन हैं)
19.	तमिलनाडु	सिवाकाशी	12	—	
20.	तमिलनाडु	ताम्बरम	—	52	
21.	तमिलनाडु	कोयलपट्टी	32	—	
22.	तमिलनाडु	सालगुडी	10	—	
23.	तमिलनाडु	नागरकोयल	—	26	
24.	तमिलनाडु	कावेरीनगर	10	—	
		जोड़	180 +	282	= 462

परिशिष्ट 3

31-3-77 और 31-3-78 को परिवार (कर्मचारी) एककों की चिकित्सा देख-रेख का स्वरूप

क्र० सं०	राज्य का नाम	सीमित देख-रेख		विस्तारित देख-रेख		पूर्ण देख-रेख	
		31-3-77	31-3-78	31-3-77	31-3-78	31-3-77	31-3-78
1.	आन्ध्र प्रदेश	—	—	47600	500	174300	234500
2.	असम	—	—	26000	—	—	26000
3.	बिहार	—	—	71200	74800	40800	45200
4.	चण्डीगढ़	—	—	10000	10000	—	—
5.	दिल्ली	—	—	—	—	215000	225000
6.	गुजरात	—	—	149000	128700	366000	366300
7.	हरियाणा	—	—	—	—	170000	168000
8.	हिमाचल प्रदेश	—	—	—	700	—	—
9.	कर्नाटक	—	—	74150	88200	190850	188800
10.	केरल	—	—	—	—	351000	305000
11.	माही	—	—	800	1000	—	—
11.	मध्य प्रदेश	—	—	67000	78000	88000	92000
12.	महाराष्ट्र:—						
	बम्बई क्षेत्र	—	—	—	—	1040000	1021000
	गोवा क्षेत्र	—	—	—	—	10500	14000
	नागपुर क्षेत्र	—	—	35500	36500	32500	34500
	पूना क्षेत्र	—	—	68000	79100	128000	130900
13.	उड़ीसा	—	—	—	—	75500	84000
14.	पांडिचेरी	—	—	15000	15000	—	—
15.	पंजाब	—	—	—	—	165000	150000
16.	राजस्थान	—	—	10800	—	99200	110000
17.	तमिलनाडु	—	—	107500	119300	342300	320700
18.	उत्तर प्रदेश	218000	234000	—	—	231500	196000
19.	पश्चिमी बंगाल	—	—	585000	620000	380000	345000
	जोड़	218000	234000	1267550	1251800	4000450	4056900

परिशिष्ट 4

1977-78 वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

(क) 25 अक्तूबर, 1977

निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य, विनियम, 1950 के विनियम 31-क में इस आशय के संशोधन का अनुमोदन किया कि यदि अंशदानों की अदायगी अंशदान टिकट चिपकाकर की जाती है और कोई नियोजक निर्धारित समय के अन्दर अंशदान कार्ड प्रस्तुत नहीं करता है तो यह समझा जाएगा कि उसने अंशदान की समय पर अदायगी नहीं की है। निम्नलिखित संशोधित विनियम 31-क अन्तिम रूप से स्वीकार किया गया :—

"31—क देय किन्तु समय पर अदान किए गए अंशदान पर ब्याज : यदि कोई नियोजक विनियम 31 में निर्धारित अवधि के अन्दर अंशदानों की अदायगी नहीं करता है तो उसे अंशदानों की अदायगी में चूक या देर के प्रत्येक दिन के लिए 6 प्र० श० वार्षिक की दर से ब्याज देना होगा। लेकिन यदि अंशदान की अदायगी अंशदान टिकट लगाकर की जाती है और विनियम 26 के

अन्तर्गत निर्धारित समय में अंशदान कार्ड जमा नहीं किए जाते हैं तो नियोजक के विषय में यह समझा जाएगा कि उसने अंशदानों की समय पर अदायगी नहीं की है ।

2. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 76-ख (1) में संशोधन का अनुमोदन किया ताकि जिस बीमाकृत व्यक्ति को अधिकतम 1.50 रुपए प्रतिदिन की दर पर स्थायी अपंगता हितलाभ दिया गया है, वह स्थायी अपंगता हितलाभ की आवधिक अदायगियों को एक मुश्त राशि में रूपान्तरित करने के लिए आवेदन कर सकें और अंत में निम्नलिखित संशोधन स्वीकार किया :

"उक्त विनियमों के विनियम 76—ख के उप-विनियम (1) में "एक रुपया" शब्दों के स्थान पर "1.50 रुपये" शब्द और अंक रखे जायेंगे ।"

3. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 103-क के उपविनियम (2) के संशोधन को अन्तिम रूप से स्वीकार करने का अनुमोदन किया ताकि उसे निम्नलिखित रूप में पढ़ा जा सके:—

(2) "जिस व्यक्ति के सम्बन्ध में किसी अंशदान अवधि में 13 साप्ताहिक अंशदान और पहली अंशदान की स्थिति में उस अंशदान अवधि में कम से कम आधे साप्ताहिक अंशदानों की अदायगी कर दी गई है अथवा अंशदान देय थे, वह तत्संबंधी हितलाभ अवधि के अन्त तक चिकित्सा हितलाभ का स्वयं हकदार होगा।"

4. निगम ने बीमाकृत व्यक्ति के स्वयं चिकित्सा देख-रेख का हकदार होने की तारीख से बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों के लिए चिकित्सा देख-रेख का विस्तार करने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 95-क के उप-विनियम (2) में निम्नलिखित संशोधन की अंतिम रूप में स्वीकार करने का अनुमोदन किया :—

"उक्त विनियमों के विनियम 95-क के उप-विनियम (2) में "उसके स्वयं पहली बार हकदार होने के 13 सप्ताह बाद" शब्द और अंकों के स्थान पर, "बीमाकृत व्यक्ति के हकदार होने की तारीख से" शब्द रखे जाएंगे ।"

इसके परिणामस्वरूप इस फार्म के अस्थायी पहचान प्रमाण-पत्र भाग में बीमाकृत व्यक्ति के परिवार के सदस्यों के ब्यौरे शामिल करने तथा बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर किसी भी प्रकार के देय हितलाभ की अदायगी करने के लिए नामांकन पत्र में व्यवस्था करने के लिए फार्म-1 (घोषणा-पत्र) में संशोधनों को भी अंतिम रूप से स्वीकार किया।

5. निगम ने रोजगार छोट के अलावा दूसरे कारणों से असमर्थता की आकस्मिकता में बीमाकृत व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत असमर्थता हितलाभ की योजना का अनुमोदन किया । इस पर विचार करने तथा इसके परिणाम स्वरूप कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम में संशोधन करने के लिए भी इसमें केन्द्रीय सरकार को योजना भेजने का निर्णय किया।

6. निगम ने निर्वाह खर्च में वृद्धि द्वारा मूल्यह्रास की पूर्ति करने के लिए स्थायी अपंगता हितलाभ और आश्रितजन हितलाभ की दरों में वृद्धि करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया और निम्नलिखित संकल्प स्वीकार किया :—

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 99 में विहित उपबन्धों के अनुसरण में कर्मचारी राज्य बीमा निगम यह संकल्प करता है कि बीमाकृत व्यक्ति की स्थायी अपंगता अथवा मृत्यु के मामलों में जहां ऐसी स्थायी अपंगता अथवा मृत्यु 31-3-75 की अथवा उससे पूर्व हुई हो अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत स्वीकृत किए गए स्थायी अपंगता हितलाभ तथा आश्रितजन-हितलाभ की आवधिक अदायगियों की राशि निम्नलिखित सीमा तक बढ़ाई जाएगी :—

(क) ऐसे मामले जहां स्थायी अपंगता अथवा मृत्यु 31-3-74 को अथवा उससे पूर्व हुई हो। — राशि का 20% जिसे अगले 5 पैसे के गुणांक में पूर्णांकित किया जाएगा ।

(ख) ऐसे मामले जहां स्थायी अपंगता अथवा मृत्यु 1-4-74 तक तथा 31-3-75 के बीच हुई हो । — राशि का 10% जिसे अगले 5 पैसे के गुणांक में पूर्णांकित किया जाएगा ।

यह भी संकल्प किया गया कि उपर्युक्त आवधिक अदायगियों की बढ़ी हुई राशि 1-10-77 से शुरू अवधियों के लिये देय होगी।

7. निगम ने अस्पतालों, विशेषज्ञ केन्द्रों आदि में जाने के लिए एम्बुलेंस का उपयोग न करने वाले लाभाधिकारियों को यात्रा खर्च की दरों में 0.65 रु० से वृद्धि करके 1 रु० प्रति कि०मी० अथवा उसका भाग (दोनों ओर) करने की स्थायी समिति की सिफारिशों का अनुमोदन किया ।

8. निगम ने बीमाकृत व्यक्तियों को उनके हकदार न रहने के बाद भी बीमारी की अवधि समाप्त होने तक बाह्य उपचार जारी रखने की स्थायी समिति की सिफारिशों का अनुमोदन किया ।

9. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अहमदाबाद और बंगलौर में प्रसवोत्तर एककों की स्थापना करके प्रसवोत्तर कार्यक्रम के विस्तार का अनुमोदन किया ।

10. निगम ने भारत सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों के स्टाफ-क्वार्टरों के लिए निर्धारित कुर्सी क्षेत्र मानकों के आधार पर कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, औषधालयों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण के मानकों को स्वीकार करने का निर्णय किया । इसके अलावा विभिन्न प्रकार के अस्पतालों में विभिन्न प्रकार के स्टाफ क्वार्टरों की संख्या निर्धारित करने के मानक भी बनाए गए ।

11. निगम ने निदेशक प्रशासन, संयुक्त बीमा आयुक्त, निदेशक (चिकित्सा) दिल्ली, उप चिकित्सा आयुक्त, प्रशासन अधिकारियों और स्वतन्त्र क्षेत्रों/उपक्षेत्रों के प्रभारी संयुक्त क्षेत्रीय निदेशक को शामिल करते हुए संयुक्त क्षेत्रीय निदेशकों को यह अधिकार दिया कि वे (i) निगम के हित को ध्यान में रखते हुए कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत स्थापित न्यायालय सहित सभी न्यायालयों या न्यायाधिकरणों में निगम की ओर से मुकदमा और अन्य कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं और निगम के खिलाफ चलाई जाने वाली इस तरह की कार्यवाहियों में प्रतिवाद कर सकते हैं और (ii) सभी न्यायालयों या न्यायाधिकरणों में चल रहे ऐसे मामलों में निगम का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं जिनमें निगम भी एक पार्टी है और निगम की ओर से कार्रवाई कर सकते हैं, पेश हो सकते हैं और अभिवचन कर सकते हैं।

12. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम में बेहतर संरचना, प्रसंगतियों आदि पर विचार करने के लिए समिति नियुक्त करने की स्थायी समिति की सिफारिश को स्वीकार किया और यह निर्णय किया कि स्थायी समिति के अध्यक्ष समिति नियुक्त करें और कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अध्यक्ष के परामर्श से उसके गठन और विचारणीय विषयों का निर्णय करें। इसने यह भी निर्णय किया कि समिति समय-बद्ध होनी चाहिए और इसे लगभग 6 मास की अवधि के अन्दर चरणों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए।

इसके बाद स्थायी समिति ने अध्यक्ष के निम्नलिखित सदस्यों की उप-समिति का गठन किया है :—

1. महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम	अध्यक्ष
2. कर्मचारी राज्य बीमा निगम में वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधि	सदस्य
3. श्री एन०एस० राव, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में नियोजकों के प्रतिनिधि	सदस्य
4. मिस ई० डिसूजा, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में कर्मचारियों की प्रतिनिधि	सदस्य
5. निदेशक (प्रशासन), कर्मचारी राज्य बीमा निगम	सचिव

13. कर्मचारी राज्य बीमा (केन्द्रीय) नियम, 1950 के नियम 36 के अन्तर्गत निगम के लेखों की लेखा परीक्षा भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक अथवा इस उद्देश्य के लिए उनके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा की जायगी नियंत्रक महा लेखा परीक्षा (कर्त्तव्य, शक्तियां और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 के प्रवर्तन के साथ उपर्युक्त अधिनियम की धारा 20(1) के अन्तर्गत वर्तमान व्यवस्था जारी रखी जा सकी। निर्धारित कार्यविधि के अनुसार भारत के नियंत्रक महा लेखा परीक्षा से विधिवत निवेदन किया गया। निगम ने भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा अपने लेखों की लेखा परीक्षा जारी रखने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

14. निगम ने बजट प्रोफार्मा के सरलीकरण की बाबत स्थायी समिति की निम्नलिखित सिफारिशों को स्वीकार किया :—

(1) चालू तथा आगामी वर्ष के लिए डमी तुलनपत्र और बजट का क्षेत्रीय वितरण तैयार न किया जाये।

(2) चालू तथा आगामी वर्ष के लिए आय-व्यय विवरण संक्षिप्त रूप में तैयार किया जाए।

(3) पिछले तीन वर्षों की बजाय केवल पिछले एक वर्ष के आंकड़े दिये जाएं।

(4) चालू वर्ष के लिए आठ मास के (वास्तविक) और चार मास के (प्रत्याशित) आंकड़े औपचारिक बजट प्राक्कलनों में शामिल न किए जाएं।

(5) बजट प्राक्कलनों में आकड़ें हजार रुपयों में दिए जाएं।

(ङ) 24 फरवरी, 1978

1. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 103-क के उप विनियम (3) के संशोधन को स्वीकार किया। विनियम 103-क के उप नियम (3) में प्रयुक्त "फैक्टरी" शब्द के स्थान पर "फैक्टरी अथवा स्थापना" शब्द रखे जाएंगे।

2. निगम ने बीमा चिकित्सा व्यवसायियों को देय प्रतिव्यक्ति शुल्क 1-4-1978 से 25 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये प्रति बीमाकृत व्यक्ति परिवार एकक प्रतिवर्ष करने की स्थायी समिति की सिफारिशों का अनुमोदन किया।

3. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य धाम गृहों का निर्माण करने के लिए स्थायी समिति की सिफारिश का अनुमोदन किया।

4. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत डायलेसिस/गुर्दा बदलने की व्यवस्था करने के लिए चिकित्सा हितलाभ के मानक का विस्तार करने की स्थायी समिति की सिफारिश का अनुमोदन किया।

5. निगम ने निम्नलिखित परिस्थितियों में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों के लिए चिकित्सा हितलाभों का विस्तार करने की स्थायी समिति की सिफारिश का अनुमोदन किया :—

(1) जहां बीमाकृत व्यक्ति के कार्य करने तथा रहने का एक स्थान है तथा उसका परिवार दूसरे स्थान पर रहता है और दोनों स्थान कार्यान्वित केन्द्र हैं और एक ही राज्य में स्थित हैं।

(2) जहां परिवार के सदस्य बीमाकृत व्यक्ति के छुट्टी पर या अस्थायी स्थानान्तरण पर उसके कार्य के स्थान से उसके साथ किसी दूसरे स्थान पर आते हैं जो उसी राज्य में अथवा किसी भिन्न राज्य में एक कार्यान्वित केन्द्र है।

6. निगम ने विभिन्न प्रकार के कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों और विशेषज्ञ केन्द्रों के लिए स्टाफ और उपकरण के मानकों का संशोधन करने की स्थायी समिति की सिफारिश का अनुमोदन किया।

7. निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों में स्टाफ के मानकों में संशोधन करने की स्थायी समिति की सिफारिश का अनुमोदन किया।

8. निगम ने बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिवारों के सदस्यों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत चिकित्सा देख-रेख के एक भाग के रूप में कृत्रिम अंग उपकरण और साधनों की व्यवस्था करने के लिए चिकित्सा हितलाभ के मानदण्ड का विस्तार करने की स्थायी समिति की सिफारिश का अनुमोदन किया।

9. निगम ने उन रोगों में से एक रोग के रूप में "एकांगघात" को शामिल करने की स्थायी समिति की सिफारिश का अनुमोदन किया जिनके लिये विस्तारित बीमारी हितलाभ देय है और निम्नलिखित संकल्प स्वीकार किया :—

"संकल्प किया कि विस्तारित बीमारी हितलाभ विषय पर दिनांक 28-2-1976 के संकल्प का संशोधन करते हुए कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत स्वीकृत बीमारी हितलाभ का विस्तार "एकांगघात" से पीड़ित व्यक्तियों के लिए भी उपर्युक्त संकल्प में बताई गई रीति में किया जाएगा। इसे 1-4-76 से लागू किया जाए।

परिशिष्ट 5

1977-78 वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्थायी समिति द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

(क) 24 अक्तूबर, 1977

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारियों में डी.ए. के कार्यक्रम को प्रोत्साहन देने तथा बढ़ावा देने की दृष्टि से स्थायी समिति ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम में अन्तर क्षेत्रीय खेलों की योजना शुरू करने तथा योजना को चलाने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम खेल नियंत्रण बोर्ड के गठन का अनुमोदन किया।

(ख) 23 फरवरी, 1978

स्थायी समिति ने दवाइयों/इंजेक्शनों के प्रतिकूल प्रभाव के कारण मृत्यु हो जाने वाले बीमाकृत व्यक्तियों के आश्रितों को देय अनुग्रह ही राशि 2500 रु० से बढ़ाकर 5000 रुपये करने का निर्णय किया।

परिशिष्ट 6

1977-78 वर्ष के दौरान चिकित्सा हितलाभ परिषद की महत्वपूर्ण सिफारिशें

1. चिकित्सा हितलाभ परिषद् ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ गृहों के निर्माण की सिफारिश की।

2. चिकित्सा हितलाभ परिषद् ने प्रत्येक राज्य में अथवा उस पड़ोसी राज्य में जहां इस प्रकार की सुविधाएं अदायगी के आधार पर उपलब्ध हैं, किसी एक कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में डायलेसिस/गुर्दा बदलने की व्यवस्था करने की सिफारिश की।

3. चिकित्सा हितलाभ परिषद् ने उस स्थिति में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों की चिकित्सा देख-रेख की व्यवस्था की सिफारिश की जब वे बीमाकृत व्यक्तियों से भिन्न स्थानों पर रहते हैं बशर्ते कि दोनों स्थान कार्यान्वित क्षेत्र हों और एक ही राज्य में स्थित हों। परिषद् ने उस स्थिति में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों के लिए चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की भी सिफारिश की जब वे बीमाकृत व्यक्ति के साथ, उसकी छुट्टी अथवा अस्थाई स्थानान्तरण पर उसके कार्य के स्थान से उस दूसरे स्थान को जाते हैं, जो उसी राज्य में अथवा उससे भिन्न राज्य में कार्यान्वित क्षेत्र हैं।

4. चिकित्सा हितलाभ परिषद् ने सिफारिश की कि किसी कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय में काम करने वाले डाक्टर द्वारा जांच किए जाने वाले 75 मामले प्रतिदिन के मौजूदा मानक को 60 मामले प्रति दिन कर दिया जाए।

5. चिकित्सा हितलाभ परिषद् ने विभिन्न प्रकार के कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में स्टाफ के मानक स्तरों पर अपनी उप-समिति की दूसरी रिपोर्ट स्वीकार की।

6. परिषद् ने उन रोगों की सूची में "एकांगघात" रोग को शामिल करने की सिफारिश की, जिनके लिए विस्तारित बीमारी हितलाभ देय है।

7. परिषद ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत चिकित्सा देख-रेख के भाग के रूप में बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिवारों के लिए कृत्रिम अंगों, उपकरणों तथा सहायकों की व्यवस्था की सिफारिश की।

परिशिष्ट

भाग

31 मार्च, 1978 को कर्मचारी राज्य बीमा

क्र० सं०	पदनाम	मुख्यालय	आन्ध्र प्रदेश		असम		बिहार	
			क्षे०का०	स्था०का०	क्षे०का०	स्था०का०	क्षे०का०	स्था०का०
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	महानिदेशक	1	—	—	—	—	—	—
2.	बीमा आयुक्त	1	—	—	—	—	—	—
3.	वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा-अधिकारी	1	—	—	—	—	—	—
4.	चिकित्सा आयुक्त	1	—	—	—	—	—	—
5.	बीमांकक	—	—	—	—	—	—	—
6.	संरक्षक (प्रशासन)	1	—	—	—	—	—	—
7.	क्षेत्रीय एवं चिकित्सा आयुक्त	—	—	—	—	—	—	—
8.	संयुक्त बीमा आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड-1	2	—	—	—	—	—	—
9.	निदेशक (संगठन एवं पद्धति/क्षेत्र०नि० ग्रेड-2/नियो० एवं विकास निदेशक सतर्कता	3	1	—	—	—	—	—
10.	प्रशासन अधिकारी/उप बीमा आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड-3/उप मुख्य लेखा अधिकारी/संयुक्त क्षेत्रीय निदेशक सतर्कता अधिकारी/सहायक बीमांकक	10	—	—	—	—	1	—
11.	उप-चिकित्सा आयुक्त/चिकित्सा निर्देशी	4	1	—	—	—	1	—
12.	क्षे०नि० ग्रेड-4/उप प्र०अ०/लेखा अ०/उप क्षे०नि०/सहायक निदेशक (यो०एवं वि०)	11	4	—	1	—	2	—
13.	सहायक क्षे०नि०/प्र० ग्रेड-1/उ०ले०अ०/ अनुभाग अधिकारी	21	1	1	—	—	2	1
14.	सहायक इंजीनियर	—	—	—	—	—	—	—
15.	अनुभाग अधिकारी (हिन्दी)	1	—	—	—	—	—	—
16.	बीमा निरीक्षक/लि० परी०/न०/प्र० ग्रेड-2/उ० प्र०/नि० (सं०एवं प०)	6	17	16	2	3	9	6
17.	महानिदेशक के निजी सचिव	1	—	—	—	—	—	—
18.	प्रबन्धक ग्रेड-3/मु०लि०/सहायक/मु०लि० खजांची/हिन्दी अनुवादक	80	10	13	1	2	8	13
19.	कनिष्ठ इंजीनियर	—	—	—	—	—	—	—
20.	वैयक्तिक सहायक	14	1	—	—	—	—	—
21.	तकनीकी सहायक	1	—	—	—	—	—	—
22.	कलाकार	1	—	—	—	—	—	—
23.	पुस्तकाध्यक्ष	1	—	—	—	—	—	—
24.	स्वागतकर्ता	1	—	—	—	—	—	—
25.	प्रधान उच्च श्रेणी लिपिक/उच्च श्रेणी लिपिक खजांची/उ०श्रे०लि० रखवाल/उच्च श्रेणी लिपिक	73	60	54	7	4	36	18
26.	आशुलिपिक	22	3	—	1	—	2	—
27.	संगणक	4	—	—	—	—	—	—
28.	नि०श्रे०लि०/एडीमा आपरेटर/टेलैक्स आपरेटर/टेलीफोन आपरेटर	91	78	76	11	5	41	27
29.	गैस्टेटनर आपरेटर	1	—	—	—	—	—	—
30.	स्टाफ कार चालक/डिलीवरी गाड़ी चालक	4	1	—	—	—	1	—
31.	कनिष्ठ पुस्तकालय परिचर	1	—	—	—	—	—	—
32.	जमादार	1	—	—	—	—	—	—
33.	रिकार्ड सार्टर/दफ्तरी (सलैक्शन ग्रेड-1 सहित)	30	18	20	2	5	10	17
34.	चपरासी	58	12	27	4	2	9	9
35.	चौकीदार	3	2	—	1	—	2	—
36.	फराश	7	1	—	1	—	1	—
37.	माली	1	1	—	—	—	—	—
38.	लिफ्टमैन	—	—	—	—	—	—	—
39.	सफाई कर्मचारी	9	2	—	—	—	1	—
	जोड़	467	213	207	31	21	126	91

*क्षे०कार्यालय दिल्ली का एक सतर्कता अधिकारी का पद मुख्यालय को दे दिया है।

7
1

निगम का प्राधिकृत कर्मचारी वर्ग

दिल्ली		गुजरात		कर्नाटक		केरल		मध्य प्रदेश	
क्षे०का०	स्था०का०	क्षे०का०	स्था०का०	क्षे०का०	स्था०का०	क्षे०का०	स्था०का.	क्षे०का०	स्था०का०
10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	1	—	—	—	—	—
1	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	1	—	1	—	—	—	—	—
1	—	—	—	—	—	1	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	1	—
2	—	5	—	2	—	2	—	1	—
5	—	8	—	5	—	4	—	3	—
4	—	4	7	3	3	3	2	1	3
—	—	—	—	—	—	1	—	—	—
1	—	—	—	—	—	—	—	—	—
22	7	26	21	17	18	24	26	10	11
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
16	4	22	18	12	7	13	10	9	11
—	—	—	—	—	—	2	—	—	—
1	—	1	—	2	—	1	—	1	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
66	24	124	97	76	67	80	76	47	43
4	—	6	—	5	—	4	—	2	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
77	24	155	102	96	57	99	90	59	38
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	1	—	1	—	1	—	1	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
17	8	34	30	22	25	22	30	14	21
14	13	24	44	15	24	15	33	10	17
1	—	2	—	2	—	2	—	2	—
1	—	4	—	2	—	2	—	1	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	1	—	—	—	—	—	—	—
1	—	4	—	2	—	2	—	1	—
234	80	122	319	264	202	278	267	163	144

*चिकित्सा निर्देशी का एक पद गुजरात क्षेत्र को दे दिया है।

परिशिष्ट
भाग

क्र० सं०	पदनाम	महाराष्ट्र		नागपुर		उड़ीसा	
		क्षे०का०	उ०क्षे०का० पूना	क्षे०का०	स्था०का०	क्षे०का०	स्था०का०
1	2	20	21	22	23	24	25
1.	महानिदेशक	—	—	—	—	—	—
2.	बीमा आयुक्त	—	—	—	—	—	—
3.	वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी	—	—	—	—	—	—
4.	चिकित्सा आयुक्त	—	—	—	—	—	—
5.	बीमांकक	—	—	—	—	—	—
6.	संरक्षक (प्रशासन)	—	—	—	—	—	—
7.	क्षेत्रीय उपचिकित्सा आयुक्त	1	—	—	—	—	—
8.	संयुक्त बीमा आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड-1	1	—	—	—	—	—
9.	निदेशक (संगठन एवं पद्धति/क्षे०नि० ग्रेड-2/निमो० एवं विकास)/ निदेशक सतर्कता	—	—	—	—	—	—
10.	प्रशासन अधिकारी/उप बीमा आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड-3/उप मुख्य लेखा अधिकारी/संयुक्त क्षेत्रीय निदेशक/सतर्कता अधिकारी/सहायक बीमांकक	3	1	—	—	—	—
11.	उप-चिकित्सा आयुक्त/चिकित्सा निर्देशी	11*	—	—	—	1	—
12.	क्षे०नि० ग्रेड-4/उप प्र०अ०/लेखा अ० उप० क्षे०नि०/सहायक निदेशक (यो०एवं वि०)	15	3	1	—	1	—
13.	सहायक क्षे०नि०/प्र०ग्रेड-1/उ०ले०अ०/अनुभाग अधिकारी	9	2	1	20	2	—
14.	सहायक इंजीनियर	—	—	—	—	—	—
15.	अनुभाग अधिकारी (हिन्दी)	—	—	—	—	—	—
16.	बीमा निरीक्षक/ले०परी० नि०/प्र० ग्रेड 2/उ० अ० /नि० (सं० एवं प०)	83	12	5	47	5	3
17.	महानिदेशक के निजी सचिव	—	—	—	—	—	—
